**4. भवानी निकेतन महाविद्यालय में जीव विज्ञान के व्याख्याता के पद के लिए ई-मेल लिखिए।**

उत्तर : From:meena@yahoo.com

To:principal.bnmahavidyalay@yahoo.com

Cc:hod.bnmahavidyalay@yahoo.com....

Bcc: ....

**विषय :** जीव विज्ञान के व्याख्याता के पद के लिए आवेदन

महोदय,

निवेदन है कि कल के समाचार-पत्र की विज्ञप्ति संख्या 0024 से ज्ञात हुआ कि आपके महाविद्यालय में जीव विज्ञान का व्याख्याता पद रिक्त है। इसके लिए मैं सभी आवश्यक अहर्ताएँ पूरी करती हूँ। मैंने जीव विज्ञान में परास्नातक किया है और जोधपुर विश्वविद्यालय से पी.-एच.डी. की है। मुझे राजस्थान कॉलेज में पढ़ाने का 3 वर्ष का अनुभव है। मेरा स्ववृत्त और अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न हैं।

आशा है कि आप मुझे एक बार सेवा का अवसर देंगे।

धन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग

**5. आप हॉवर्ड यूनवर्सिटी में माइक्रोबायोलॉजी में प्रवेश लेना चाहते हैं। इसके लिए समस्त जानकारियों को ज्ञात करने के लिए यहाँ के डीन को ई-मेल लिखिए।**

उत्तर : From:abc@yahoo.com

To:principal.haward.university@yahoo.com

Cc.....

Bcc: ....

**विषय :** माइक्रोबायोलॉजी में प्रवेश से सम्बन्धित जानकारी हेतु

महोदय,

निवेदन है कि मैंन इसी वर्ष स्नातक की परीक्षा 95% अंकों से उत्तीर्ण की है। मेरी रुचि माइक्रोबायोलॉजी में होने के कारण मैं आपकी यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने के इच्छुक हूँ। मुझे प्रवेश से सम्बन्धित सभी जानकारियों से अवगत करवाने की कृपा करें। साथ ही छात्रवृत्ति से सम्बन्धित जानकारी भी देने का प्रयास करें।

आशा है कि मुझे सभी जानकारियाँ उपलब्ध करवाने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग